# श्री सर्वेश कुमार, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-1/210/242 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-<br>1. क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला में सिमरिया धाम में सरकार द्वारा योजना स्वीकृत कर स्नान घाट, धर्मशाला, वाच-टावर, शौचालय, चेंज रूम आदि बनाये गये है; | वस्तुस्थिति यह है सिमरिया धाम से सटे राजेन्द्र सेतु है, जिसके पश्चिम में रेलवे द्वारा नया पुल बनाया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के आलोक मे सिमरिया धाम में द्वितीय चरण के विकास कार्य अन्तर्गत निर्माणाधीन पुल के पश्चिम आवश्यकतानुसार 125 मीटर की लम्बाई में सीढ़ी घाट निर्माण तथा दोनों रेलवे पुल के बीच 104 मीटर की लम्बाई में नदी तट सुरक्षात्मक कार्य कराया जा रहा है । साथ हीं श्रद्धालुओं के आवागमन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त टायलेट काम्पलेक्स तथा शॉप कलस्टर एवं मंडप का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे नवम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना है । |
| 2. क्या यह सही है कि सिमरिया धाम में राजेन्द्र पुल के पश्चिम का गंगा तट जो लगभग 500 मीटर का है इसे भी रीवर फ्रंट एवं स्नान घाट के रूप में विकसित किये जाने की आवश्यकता है, सिमरिया धाम का विकास सांस्कृतिक धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है ; | |
| 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सिमरिया धाम में राजेन्द्र पुल के पश्चिम का गंगा तट जो लगभग 500 मीटर का है, इसे रीवर फ्रंट एवं स्नान घाट, शौचालय, चेंज रूम आदि बनाना चाहती हैं, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ? | |

P.T.O

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–30 / 2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 210वें सत्र से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–01 / 210 / 242 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–30 / 2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–30 / 2025– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सम0)–06–30 / 2025– 3691 पटना, दिनांक– 04/08/2025

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01.08.25
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव
1/8/25

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo